# ससुर की आरटीआई से खुला फर्जी आईएएस का राज, डेढ़ करोड़ की ठगी

▸▸ मसूरी अकादमी के जवाब से हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा, घर से नकली दस्तावेज और प्रशिक्षण सामग्री बरामद

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** खुद को आईएएस अधिकारी बताकर सरकारी अफसर का रौब दिखाने वाली तृप्ति सिंह के मामले में जांच के दौरान कई नए तथ्य सामने आए हैं। उसके फर्जी अधिकारी होने का राज ससुर की सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी से खुला।

तृप्ति के आईएएस होने के दावे पर संदेह होने पर ससुर ने मसूरी स्थित प्रशासनिक अकादमी से उसके चयन और प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी मांगी थी। अकादमी ने उसके चयन की बात खारिज कर दी, जिसके बाद फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि तृप्ति बेरोजगारों और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करती थी। अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये ऐंठने की बात सामने आई है।

पुलिस ने उसके घर से फर्जी लेटरहेड, पहचान पत्र, नियुक्ति पत्र और प्रशिक्षण सामग्री बरामद की है। वह खुद को पर्यटन विभाग की अतिरिक्त संचालक बताकर लोगों से संपर्क करती थी। जांच में यह भी सामने आया कि तृप्ति सरकारी कार्यालयों में अधिकारी बनकर पहुंचती थी। अयोध्या नगर स्थित नगर निगम वार्ड कार्यालय में निरीक्षण का वीडियो भी सामने आया है। उसने विधानसभा परिसर के वीडियो भी इंटरनेट माध्यम पर साझा किए थे।

# मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भीमा भाई की टीम ने जीती 21 हजार की इनामी राशि

## राधे-राधे युवा उत्सव समिति ने किया वाजपेयी नगर में आयोजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर** :भोपाल के ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राधे-राधे युवा उत्सव समिति द्वारा 'मल्टी की मटकी फोड़' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्सव के दौरान भजन संध्या, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आकर्षक फायर शो हुआ।

प्रतियोगिता में भोपाल की 'भीमा भाई की टीम' ने पहला स्थान हासिल करते हुए 21,000 का नगद पुरस्कार अपने नाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता से जोड़ने का काम करते हैं।




इस अवसर पर 'हनुमान अंश' फिल्म के कलाकार गजेंद्र सुथार और जूनियर अमिताभ बच्चन नाम से मशहूर राजकुमार बख्तियानी का विशेष सम्मान किया गया। साथ ही महंत कनैयादास महाराज और महंत अनिलानंद महाराज सहित कई प्रमुख हस्तियां और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन संयोजक राकेश कुकरेजा और अध्यक्ष अतुल घेंघट ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ना और समाज को एकजुट करना है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन, नगर निगम, समाज के वरिष्ठों, मातृशक्ति और युवाओं का आभार जताया। समिति ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी युवाओं और समाज को साथ लेकर ऐसे भव्य सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## मध्य प्रदेश पुलिस में बड़ा फेरबदल

# 10 आइपीएस समेत 137 अधिकारियों के तबादले

▸▸ गृह विभाग ने जारी किया तबादला आदेश; आलोक वर्मा रीवा के नगर पुलिस अधीक्षक, मनीष भारद्वाज इंदौर में एसीपी बनाए गए

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में रविवार को पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। गृह विभाग ने 10 आइपीएस और 127 राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों समेत कुल 137 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए हैं।

आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को आगामी आदेश तक नई पदस्थापना पर कार्यभार संभालना होगा। तबादला सूची में 2023 बैच के चार और 2024 बैच के छह आइपीएस अधिकारी शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों की भी नई पदस्थापनाएं की गई हैं।

### आलोक वर्मा को रीवा में जिम्मेदारी

*आदेश के अनुसार आलोक कुमार वर्मा को देवास से स्थानांतरित कर रीवा का नगर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। मनीष भारद्वाज को साइबर पुलिस मुख्यालय से नगरीय इंदौर में एसीपी कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। मनोज कुमार को नगरीय भोपाल में एसीपी एमपी नगर पदस्थ किया गया है। इसके अलावा वैभव प्रिया को रतलाम से एसडीओपी नेपानगर, शुभम सिंह ठाकुर को जबलपुर से एसडीओपी गाडरवारा और अमित कुमार को खंडवा से एसडीओपी सिंगरौली भेजा गया है। नई पदस्थापनाओं के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्धारित जिम्मेदारियां संभालने के निर्देश दिए गए हैं।*

तबादलों से कई जिलों और शहरों में पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली हैं।

# शक्ति अभियान, महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

## महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों की जानकारी देने पर जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए नारी शक्ति अभियान के तहत रविवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े उपायों, उनके अधिकारों और उपलब्ध सहायता व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में वे बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनने और उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।




कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया गया। पुलिस ने महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता लेने के तरीकों की जानकारी देने के साथ ही आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर महिला पुलिस की ओर से हेलमेट लगाकर बाइक रैली निकाली गई। भोपाल पुलिस की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रमों के साथ सामुदायिक पुलिसिंग पर भी जोर दिया जा रहा है। महिला सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच विश्वास बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# तेज बारिश के बाद भदभदा बांध का गेट चौथी बार खुला

*भोपाल। राजधानी में रविवार शाम हुई तेज बारिश के बाद बड़ी झील का जलस्तर फुल टैंक लेवल से ऊपर पहुंच गया। जलस्तर को निर्धारित सीमा में बनाए रखने के लिए रात आठ बजे भदभदा बांध का गेट नंबर 10 खोल दिया गया। इस वर्षा सत्र में भदभदा बांध के गेट चौथी बार खोले गए हैं। नगर निगम के अनुसार शाम को हुई तेज बारिश के बाद बड़ी झील के जलस्तर में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई। जलस्तर फुल टैंक लेवल से ऊपर पहुंचने की स्थिति को देखते हुए बांध का गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी शुरू की गई। निगम प्रशासन द्वारा बड़ी झील के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। जलस्तर को निर्धारित सीमा में बनाए रखने के लिए स्थिति की नियमित निगरानी की जा रही है।*

# हरतालिका तीज के साथ मनेगी गणेश चतुर्थी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में 14 सितंबर को सौभाग्य और समृद्धि का पर्व हरतालिका तीज मनाया जाएगा। इसी दिन गणेश चतुर्थी भी होने से तृतीया युक्त चतुर्थी का विशेष धार्मिक संयोग बन रहा है। हरतालिका तीज पर महिलाएं व्रत और पूजन कर सुख-सौभाग्य तथा पति की दीर्घायु की कामना करेंगी। गणेश चतुर्थी के साथ ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ होगा। ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बावाला के अनुसार चतुर्थी पर मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा की स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 11:30 बजे है। इस बार गणेश स्थापना ब्रह्म योग में होगी। मान्यता है कि शुभ मुहूर्त में प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजन करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। गणेश चतुर्थी पर चंद्र दर्शन नहीं करने की भी मान्यता है। धर्मशास्त्रीय मत के अनुसार गणेशोत्सव के 10 दिनों में भगवान गणेश के 10 स्वरूपों की साधना की जा सकती है।



# महिलाओं की लेखनी समाज को देती है नई दिशा : संजीव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** हिंदी लेखिका संघ का स्थापना दिवस समारोह रविवार को राजधानी में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि सेज समूह के चेयरमैन संजीव अग्रवाल ने महिलाओं के लेखन, रचनात्मकता, समर्पण और संवेदनशीलता की सराहना की। उन्होंने सेज समूह की विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत महिलाओं की बड़ी संख्या और उनकी




कर्मठता का उल्लेख किया। अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. रक्षा दुबे, उपायुक्त जीएसटी, मप्र ने की। उन्होंने कहा कि घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ साहित्य जगत में सक्रिय रहना लेखिकाओं के अथक परिश्रम को दर्शाता है। लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संघ की 31 वर्षों की साहित्यिक यात्रा की जानकारी दी। समारोह में सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय, उच्च शिक्षा उत्कृष्ट संस्थान, आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन और सत्य साई महाविद्यालय में आयोजित भाषण, निबंध, तात्कालिक भाषण और सामूहिक गीत प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लेखिका संघ की सदस्याओं ने कबीर की साखियों पर आधारित नाटक 'उड़ जाएगा हंस अकेला' का मंचन किया।

**CHANGE OF NAME**

I Pradeep Kumar Tiwari son of Shiv Shankar Tiwari Residence EWS - 49 Banganga, North TT Nagar, Jharaneeshwar Mahadev temple, hujur Bhopal declared that My passport previous name Pradeep Tiwari Is wrong. My all documents name is Pradeep Kumar Tiwari. At present I known a right name is Pradeep Kumar Tiwari.

1614

# प्राकृतिक खेती और अतिरिक्त आय के लिए पशुपालन अपनाएंः डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना सहित अन्य बड़ी परियोजनाओं से बुंदेलखंड क्षेत्र में खुशहाली आएगी और लोगों के जीवन स्तर में बदलाव होगा।

मुख्यमंत्री रविवार को पन्ना में आयोजित प्रदेश के 28वें बलराम कृषि महोत्सव में वर्चुअली शामिल हुए और किसानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसान हित में कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। पवई बांध, मझगांय और रुंझ सहित कई लघु सिंचाई परियोजनाओं से किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों से उद्यानिकी और प्राकृतिक खेती अपनाने तथा अतिरिक्त आय के लिए पशुपालन जैसी गतिविधियां शुरू करने की अपील की।

प्राकृतिक खेती करने वाली कविता रानी, कृषि क्षेत्र में काम कर रहे राजकमल शर्मा, उद्यानिकी कृषक सुब्रत मलिक और डेयरी व्यवसाय कर रहे नत्थू प्रसाद यादव ने अपने कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की। अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में फसल नुकसान का सर्वे कर मुआवजा वितरण के निर्देश दिए।

# 20 वां सिंधी गरबा महोत्सव : 30 दिनी कार्यशाला की शुरुआत

▸▸ सिंधी मेला समिति सात स्थानों पर कराएगी गरबे का अभ्यास

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर** : भोपाल में सिंधी मेला समिति द्वारा इस वर्ष सिंधी गरबा महोत्सव का 20वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। 13 सितंबर से 13 अक्टूबर तक शहर के 7 अलग-अलग स्थानों पर 30 दिवसीय गरबा वर्कशॉप की शुरुआत की गई है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में रास ग्रुप द्वारा प्रतिभागियों को तीन ताली और हिच डांस जैसी विभिन्न आकर्षक स्टेप्स सिखाई जा रही हैं। यह चार दिवसीय सिंधी गरबा महोत्सव 15 से 18 अक्टूबर तक लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में आयोजित होगा। समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए मुंबई से कल्पेश और मानव सोलंकी म्यूजिकल ग्रुप को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही, अध्यात्म, कला, व्यवसाय और खेल क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रमुख प्रतिभाओं को भी सम्मानित व आमंत्रित किया जाएगा।



महासचिव नरेश तलरेजा के अनुसार, सिंधी समाज के युवाओं को इस वार्षिक सांस्कृतिक आयोजन का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस वर्ष महोत्सव के सफल संचालन के लिए राम आसुदानी को संयोजक तथा लोकेश वाधवानी और रेखा कमल को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**कार्यालय भेल गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक / डी.आर.बी./126
दिनांक 28.02.1979)
क्रमांक/2026/वा.सा.स./क्यू-1
दिनांक : 12.09.2026

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि भेल गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 27.09.2026, दिन रविवार, समय दोपहर 12.00 बजे स्थान-अर्द्ध नारीश्वर मंदिर प्रांगण, भेल नगर, संस्था कालोनी, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल (म.प्र.) पर अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। संस्था के समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा आमसभा की सूचना पृथक से प्रेषित की जा चुकी है। जिन सदस्यों को डाक द्वारा प्रेषित सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो ऐसे सदस्य इसे ही आमंत्रण पत्र मानकर सभा में उपस्थित होने का कष्ट करें।

**(ठा. स्वरूप सिंह राजपूत ) अध्यक्ष**
**भेल गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

1611

**चाणक्यपुरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
(पंजीयन क्रमांक डीआरबी 266
दिनांक 29-09-1981)
क्रमांक चागृनिससंम/निर्वाचन/2026/02
भोपाल, दिनांक 10-09-2026

**निर्वाचन आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था का विशेष साधारण सम्मेलन दिनांक 25-09-2026 को दिन शुक्रवार को प्रातः 12.00 बजे से स्थान चाणक्यपुरी सामुदायिक भवन, चूना भटटी (राम मंदिर के पीछे) कोलार रोड भोपाल पर आयोजित किया गया है, जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी श्री ओ.पी. मालवीय द्वारा की जावेगी, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। दिनांक 17-09-2026 को दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, डी ब्लॉक पुराना सचिवालय, भोपाल में नामांकन पत्र लिये जायेंगे। 18-09-2026 को दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 20-09-2026 को दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, डी ब्लॉक पुराना सचिवालय, भोपाल पर किया जायेगा। तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जायेगा। आमसभा की सूचना के साथ श्री ओ.पी. मालवीय, रिटर्निंग आफिसर द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

**(जी.के. कामदार)**
**अध्यक्ष,**
**चाणक्यपुरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

1612

**मेकर रिगालिया रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित**

दिनांक 12/9/26

**निर्वाचन आमसभा की सूचना**

प्रति,
सम्मानीय सदस्य,
मेकर रिगालिया रहवासी रखरखाव सहकारी समिति मर्यादित, बगली, भोपाल की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 27/9/2026 दिन रविवार दोपहर 12:30 बजे गेट नंबर-1, क्लब हाउस में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। बैठक में विचारणीय विषय निम्नानुसार हैं:- 1. समिति द्वारा वर्ष 2025-26 में किए गए कार्यों की प्रगति का अवलोकन एवं अनुमोदन । 2. समिति के वर्ष 2025-26 के अंकेक्षित लेखों (आय-व्यय) का अवलोकन एवं अनुमोदन। 3. संस्था की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना एवं अनुमानित बजट अनुमोदन । 4. आगामी माह (1 अक्टूबर 2026) से रखरखाव शुल्क में वृद्धि करने बाबत। 5. समिति के सभी सदस्यों से निवेदन है कि वे अपने मेंटनेंस की बकाया राशि साथ में लेकर आये एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाएं जिनसे उनकी फाइल पूर्ण की जा सके। 6. 1 अक्टूबर 2026 से, यदि कोई भी रहवासी रखरखाव शुल्क नहीं देता है तो नल कनेक्शन काटने के विषय पर चर्चा। 7. रहवासी रखरखाव संस्था में सोलर पैनल लगाने की विषय पर चर्चा। 8. समिति द्वारा प्रति माह आय-व्यय का विवरण, नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने बाबत। 9. कॉलोनी परिसर में बोरे वेल करवाने बाबत। 10. अन्य कोई विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

**अध्यक्ष**
**मेकर रिगालिया रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित बगली, भोपाल सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

1613

# संत कॉलेज के पास की सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर** : संतनगर में लक्ष्मण नगर स्थित संत हिरदाराम कॉलेज के पास सड़क निर्माण का भूमिपूजन पार्षद अशोक मारण ने किया। मारण ने कहा कि सरकार के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपेक्षित सहयोग न मिलने के बावजूद, वार्ड 5 में विकास कार्य बिना रुके निरंतर जारी हैं। रहवासियों की मांग को प्राथमिकता देते हुए लगातार नई सड़कों का भूमिपूजन कर उन्हें सीसी सड़कों में तब्दील



किया जा रहा है, और आने वाले समय में भी क्षेत्र की अन्य सड़कों का कायाकल्प इसी तरह किया जाएगा। कार्यक्रम में उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, आनंद फुलवानी, मनोहर कृपलानी, लक्ष्मण मुलचदानी, प्रकाश कुगवानी, कन्हैयालाल गुलब्कशानी, भागचंद आहुजा, सुरेश मेंहरचंदानी व अन्य मौजूद थे। संचालन महेश गुरबानी ने किया।

# शौच के लिए गई किशोरी से पड़ोसी ने धमकाकर किया दुष्कर्म

**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला 30 वर्षीय युवक किशोरी को शौच के लिए जाते समय झाड़ियों में ले गया और धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपित ने किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस के अनुसार आठ सितंबर की शाम किशोरी शौच के लिए गई थी। इसी दौरान आरोपित उसे जबरन झाड़ियों की ओर ले गया और वारदात को अंजाम दिया। धमकी के डर से किशोरी ने घटना के बारे में परिवार के किसी सदस्य को तत्काल जानकारी नहीं दी। अगले दिन किशोरी की तबीयत बिगड़ने पर परिवार ने उससे पूछताछ की। इस दौरान उसने अपनी मां को घटना की जानकारी दी।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन कोड 462003**

web site: www.mppwd.gov.in email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा क्रमांक 83 से 86/2026-27** **भोपाल, दिनांक 10/09/2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB_535292_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For Providing Electrification AR/SR Work in Govt. Residential (H and I Type) and Non Residential Buildings under PWD (E/M) Sub Division Workshop, Section 1100 Qtrs Bhopal. | प्रथम | 39.858 |
| 2 | 2026_PWDRB_535293_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For Providing Electrification AR/SR Work in Govt. Residential and Non Residential Buildings under PWD (E/M) Sub Division Workshop, Section Kotra Sultanabad Bhopal. | प्रथम | 39.933 |
| 3 | 2026_PWDRB_535294_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For Providing Electrification AR/SR Work in Govt. Residential (F and G Type) and Non Residential Buildings under PWD (E/M) Sub Division Workshop, Section 1100 Qtrs Bhopal. | प्रथम | 39.858 |
| 4 | 2026_PWDRB_535662_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For Providing Electrical Appliances in Various Bunglow in 74 Bunglow Section Under Sub Division No. M-1 Bhopal | प्रथम | 42.408 |

उपरोक्त बेव साईट से ऑन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेन्ट) वेब साईट के माध्यम से दिनांक 28/09/2026 सांय 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन. आई. टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेब साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जावेगें।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र.1 भोपाल**

जी-18545/26

# उन्नत नस्ल के पशुओं की संख्या में बढ़ोतरी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने आगामी पांच वर्षों में प्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने का लक्ष्य तय किया है। पशुपालन क्षेत्र में हो रहे सुधारों के चलते दुग्ध संकलन में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले डेढ़ वर्ष में दैनिक दुग्ध संकलन 8.73 लाख किलोग्राम से बढ़कर जुलाई 2026 में करीब 12 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो गया है। 21वीं पशु संगणना के अनुसार प्रदेश में उन्नत नस्ल के पशुओं की संख्या 20वीं पशु संगणना की तुलना में लगभग दोगुनी हुई है। नस्ल सुधार, बेहतर पोषण और वैज्ञानिक पशुपालन के कारण प्रति पशु उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है।

मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता बढ़कर 707 ग्राम प्रतिदिन हो गई है।

**नई व्यवस्था** *12.5 हजार विद्यार्थियों से शुरू हुआ पायलट प्रोजेक्ट...*

# आरजीपीवी में अब कापियां नहीं, स्क्रीन पर होगा मूल्यांकन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की वर्षों पुरानी व्यवस्था अब डिजिटल होने जा रही है। विश्वविद्यालय ने ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके तहत कागज की कापियां मूल्यांकन केंद्र भेजने के बजाय स्कैन कर डिजिटल रूप में परीक्षक की स्क्रीन पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

परीक्षक स्क्रीन पर प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दर्ज करेगा। अंक दर्ज होते ही वे सीधे विश्वविद्यालय की डिजिटल परिणाम प्रणाली में सुरक्षित हो जाएंगे। इसी आंकड़े के आधार पर परिणाम, टीआर शीट




और डिजिटल अंकसूची तैयार की जा सकेगी। इससे परिणाम तैयार करने में लगने वाला समय कम होने और मानवीय त्रुटियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

फिलहाल यह प्रयोग एमसीए के करीब 12,500 विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं पर किया जा रहा है। सफल रहने पर इसे अन्य पाठ्यक्रमों में भी लागू किया जा सकता है।

### पुनर्मूल्यांकन में मिलेगा फायदा

डिजिटल व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना कराने वाले विद्यार्थियों को मिलने की उम्मीद है। संबंधित उत्तरपुस्तिका पहले से डिजिटल रूप में उपलब्ध होने के कारण उसे दोबारा जांच के लिए आसानी से इस्तेमाल किया जा सकेगा। इससे प्रक्रिया तेज होने और विद्यार्थियों को अगले सेमेस्टर की तैयारी में राहत मिलने की उम्मीद है। विश्वविद्यालय के सामने स्कैनिंग की गुणवत्ता, सर्वर क्षमता और डिजिटल मूल्यांकन की निगरानी जैसी चुनौतियां भी रहेंगी। पायलट प्रोजेक्ट के अनुभव के आधार पर आगे की व्यवस्था तय की जाएगी।

### बारकोड से होगी कापी की पहचान

नई व्यवस्था में प्रत्येक उत्तरपुस्तिका को विशिष्ट बारकोड दिया जाएगा। स्कैनिंग के बाद कापी डिजिटल रूप में परीक्षक तक पहुंचेगी। इससे मूल्यांकन के दौरान विद्यार्थी का नाम और अन्य पहचान संबंधी जानकारी सामने नहीं आएगी। इससे कापियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने और उनके भौतिक रखरखाव की जरूरत भी कम होगी।